# रणजीत टाइम्स

HAPPY NEW YEAR

इंदौर

गुरुवार, 1 जनवरी, 2026

वर्ष 02 | अंक 04 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# इंदौर में मौत का मातम

## पर सत्ता के नशे में चूर मंत्री का विवादित बोल-घंटा!

### इंदौर में ज़हरीला पानी और सत्ता की संवेदनहीनता का चेहरा उजागर, मौतों के बीच मंत्री का विवादित बयान बना आक्रोश की वजह

**सह संपादक दीपक वाड़ेकर**

इंदौर शहर एक भीषण त्रासदी से गुजर रहा है। भागीरथपुरा क्षेत्र में नगर निगम की पेयजल पाइपलाइन में सीवरेज का पानी मिलने से हालात भयावह हो गए। इस गंभीर जल प्रदूषण के कारण अब तक 8 से 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 1100 से अधिक नागरिक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी है, कई की हालत नाजुक बनी हुई है और पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। इस मानवीय त्रासदी के बीच स्थानीय विधायक और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का एक बयान विवादों में घिर गया है। घटना को लेकर जब पत्रकारों ने उनसे तीखे सवाल किए, तो उन्होंने कथित तौर पर "घंटा" शब्द का इस्तेमाल किया। उनका यह लहजा कैमरे में कैद होकर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। जनता पहले ही अपनों को खोने के ग़म में डूबी हुई है और ऐसे समय में सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि के इस कथित बयान ने लोगों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया। विपक्ष ने इसे सत्ता के नशे में चूर संवेदनहीनता करार दिया है।

विवाद बढ़ने के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सफाई देते हुए स्वीकार किया कि इस पूरे मामले में अधिकारियों की भारी लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारियों को



बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, सवाल यह है कि जब लोगों की जान चली गई, तब प्रशासनिक जिम्मेदारी तय करने और ठोस कदम उठाने में इतनी देर क्यों हुई। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस दर्दनाक घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसके साथ ही नगर निगम के कुछ अधिकारियों को निलंबित भी किया गया है। लेकिन शहरवासियों का कहना है कि केवल मुआवजा और निलंबन से जानें वापस नहीं आ सकतीं, जरूरत इस बात की है कि ऐसी लापरवाही दोबारा न हो और पूरे जल आपूर्ति तंत्र की गहन जांच की जाए।



उधर, कांग्रेस नेता जीतू पटवारी ने इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं और नगर निगम प्रशासन पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन सत्ताधारी दल के नेता अब भी संवेदनहीन बने हुए हैं। पटवारी ने आरोप लगाया कि यह हादसा नहीं बल्कि प्रशासनिक नाकामी और लापरवाही का नतीजा है, जिसकी जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। भागीरथपुरा से लेकर पूरे इंदौर में अब एक ही सवाल गूंज रहा है कि जब नागरिकों को साफ पानी जैसी बुनियादी सुविधा भी सुरक्षित रूप से नहीं मिल पा रही है, तो जवाबदेही किसकी है। मौत के इस मातम के बीच नेताओं के बयान, प्रशासन की लापरवाही और बाद में की जा रही कार्रवाई पर जनता का भरोसा लगातार डगमगा रहा है।

# नव वर्ष द्योतक है, परिवर्तन, प्रगति और विकास का



संपूर्ण विश्व इस समय नव वर्ष के उल्लास से ओतप्रोत है। प्रत्येक व्यक्ति नई ऊर्जा, नए संकल्पों के साथ नव वर्ष का स्वागत करना चाहता है और यह उत्साह होना ही चाहिए। पर इस वर्ष एक संकल्प स्वयं से स्वयं की पहचान का भी किया जाना चाहिए।जैसा कि सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने अपनी अमृतवाणी में वर्णित किया है कि,"....जीवन एक चक्र है। यदि चक्र नहीं है तो जीवन भी नहीं है और चूंकि चक्र शुरू होता है, इसलिए एक नए साल की शुरुआत भी करनी पड़ती है। जीवन है तो प्रकृति में भी परिवर्तन देखा होगा। ऐसा ही होना है क्योंकि अगर बीज को विकसित होना है तो उसे वृक्ष बनना है, वृक्ष को फल बनना है, और फलों को बीज बनना है। परिवर्तन हर समय होता है और परिवर्तन प्रगति, विकास, जीवन को ही दर्शाता है।

इसलिए, जीवन की कविता हर समय खुद को, अपने मिजाज, अपने स्वर को तब तक बदलती रहती है, जब तक कि वह उस बिंदु तक नहीं पहुंच जाती जहां उसे लगता है कि वह अपनी सुंदरता को अपने पूरे तरीके से प्रकट कर सकती है। और वह समय आज आ गया है क्योंकि यह आत्मज्ञान का युग है और इसलिए ज्ञान को आना ही है। हमें यह समझना होगा कि यह जीवन इस प्रकार क्यों बना है, वे कौन-सी अंतर्धाराएँ हैं जिन्होंने इस जीवन का निर्माण किया है। हम यहां कैसे हैं? ये अंडरकरंट्स हमारे भीतर कैसे काम करते हैं? ये केंद्र और चक्र, जिन्हें नग्न आंखों से नहीं देखा जा सकता, कैसे कार्य कर रहे हैं? अब लोगों ने इसके बारे में लिखा है, इसके बारे में बात की है, इसके बारे में कहा है लेकिन किसी ने इसे महसूस नहीं किया है। तो, यह आत्मज्ञान का युग है जहाँ आप उन्हें महसूस करते हैं, जहाँ आप समझते हैं कि वे आपके भीतर न केवल मानसिक रूप से मौजूद हैं बल्कि आपके भीतर एक वास्तविक अनुभव की तरह भी मौजूद हैं।"

(प पू श्री माताजी, 1 जनवरी 1978) इस वास्तविकता का साक्षात् सहजयोग ध्यान द्वारा अत्यंत ही सरलता से किया जा सकता है। इस नवीन वर्ष में स्वयं को आत्मज्ञान का उपहार प्रदान करने का संकल्प लें। सहजयोग ध्यान का आनंद और अनगिनत लाभ लेने हेतु आप जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# नववर्ष को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर, इंदौर पुलिस कमिश्नरेट की बी.डी.डी.एस. टीम द्वारा की जा रही है, शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की विशेष चैकिंग

**आदित्य शर्मा**

**इन्दौर- शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है।**

इसका भी जायजा लिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा नववर्ष को ध्यान में रखते हुए



शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ व बेहतर बनाने हेतु विशेष चैकिंग के दिशा निर्देश दिए



गए है। उक्त निर्देशों के परिपेक्ष्य में अति पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह व पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) इंदौर श्री राजेश व्यास के मार्गदर्शन मे दिनांक 30.12.2025 को इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा व बी.डी.डी.एस. टीम द्वारा शहर के रेल्वे स्टेशन, सरवटे बस स्टैंड, गंगवाल बस स्टैंड, रणजीत हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, खजराना गणेश मंदिर, RR कैट राजवाड़ा , प्रमुख मॉल व अन्य प्रमुख महत्वपूर्ण स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की विशेष व सघन चैकिंग, पुलिस डॉग की सहायता से एवं एच.एच.एम.डी आदि उपकरणों के द्वारा की गयी।इंदौर पुलिस की ये सघन चैकिंग व कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# इंदौर में वन विज्ञान केंद्र का शुभारंभ वानिकी विज्ञान को किसानों और बाजार से जोड़ने की नई पहल

**आदित्य शर्मा**

इंदौर में वन विज्ञान केंद्र (Van Vigyan Kendra – VVK) का शुभारंभ भारत की वानिकी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य वानिकी से जुड़े वैज्ञानिक शोध को सीधे किसानों, वन-आश्रित समुदायों और बाजार से जोड़ना है, ताकि लोगों की आय बढ़े, जंगल सुरक्षित रहें और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। यह वन विज्ञान केंद्र सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में स्थापित किया गया है। इसे भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद (ICFRE) के मार्गदर्शन में तथा ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (TFRI), जबलपुर के तकनीकी सहयोग से, इंदौर वन मंडल के सहयोग से विकसित किया गया है।

देशभर में वानिकी अनुसंधान को आम लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से वर्ष 2010 से अब तक 42 वन विज्ञान केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इंदौर का यह केंद्र मध्य प्रदेश का तीसरा वन विज्ञान केंद्र है। मालवा क्षेत्र में कृषि और वन आधारित आजीविका का गहरा संबंध है, ऐसे में यह केंद्र किसानों और वन-आश्रित परिवारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। इस पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बड़गोंदा नर्सरी, महू (इंदौर) में फील्ड डेमोंस्ट्रेशन एवं सप्लाई सेंटर की स्थापना है। यहाँ से किसानों को उच्च उत्पादन देने वाले, तेजी से बढ़ने वाले और स्थानीय कृषि-जलवायु



के अनुकूल पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है। किसान इन पौधों का खेत में प्रदर्शन देखकर अपनी जमीन के लिए सही प्रजाति चुन सकेंगे, जिससे जोखिम कम होगा और आय बढ़ेगी। वन विज्ञान केंद्र के माध्यम से किसानों को जल-संरक्षण आधारित वानिकी, एग्रोफॉरेस्ट्री, चारकोल उत्पादन, मशरूम की खेती, लाख पालन, तथा औषधीय पौधों की खेती और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों की जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाएगा। विशेष रूप से लाख और बाँस के मूल्य संवर्धन पर जोर दिया जाएगा, ताकि किसान केवल कच्चा माल बेचने के बजाय उससे बने उत्पादों के माध्यम से अधिक आय अर्जित कर सकें। केंद्र यह भी मानता है कि केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। इसलिए किसानों और बाजार के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। निजी क्षेत्र, उद्योग और संस्थागत खरीदारों के साथ संवाद बढ़ाकर उत्पादन और बाजार के बीच की दूरी को कम किया जाएगा, जिससे वन आधारित आजीविका अधिक स्थिर और लाभकारी बन सके।

इसके साथ-साथ लघु वनोपज जैसे अर्जुन की छाल, तेंदू पत्ता, चिरौंजी, पलाश, सतावर, सफेद मुसली तथा अन्य औषधीय पौधों के सतत और वैज्ञानिक संग्रह को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे एक ओर किसानों और वन-आश्रित परिवारों की आय बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर जंगलों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। वन विज्ञान केंद्र, इंदौर में किसानों के लिए कई नई गतिविधियाँ शुरू की जाएंगी। इनमें चंदन, चिरौंजी और औषधीय पौधों पर आधारित एग्रोफॉरेस्ट्री मॉडल, तेजी से बढ़ने वाली प्रजातियों के उन्नत पौधे जैसे मेलिया डूबिया, कैजुएरिना, गमेलिना, सागौन और महोगनी, मधुमक्खी पालन, कीट नियंत्रण के लिए TFRI द्वारा विकसित ट्राइकोकार्ड तकनीक, औषधीय पौधों की हाइड्रोपोनिक खेती, तथा दुर्लभ, संकटग्रस्त एवं स्थानिक (RET) प्रजातियों के संरक्षण से जुड़े कार्य शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम 30 दिसंबर को सोशल फॉरेस्ट्री कार्यालय, मालवा डेमो नर्सरी परिसर, इंदौर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून की महानिदेशक श्रीमती कंचन देवी (भा.व.से.), मध्य प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. एन. अम्बाडे (भा.व.से.), अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, मध्य प्रदेश शासन श्री अशोक बर्णवाल (भा.प्र.से.), ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, जबलपुर की निदेशक (प्रभारी) डॉ. (श्रीमती) नीलू सिंह, श्रीमति नंदिता बैरी, श्री पी एन मिश्रा सीसीएफ इंदौर सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सेवानिवृत्त वन अधिकारी, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक, TFRI के वैज्ञानिक, पर्यावरणविद्, गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, किसान, निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विज्ञान आधारित और बाजार से जुड़ा यह वानिकी मॉडल आने वाले समय में न केवल इंदौर और मालवा क्षेत्र, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश और देश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभर सकता है।

# ब्रिथ एनालाइजर मशीन से की चैकिंग





**सलीम हुसैन**

झाबुआ। बीते वर्ष को अलविदा आने वाले वर्ष को वैलकम में लगे सभी लोगों की सुरक्षा में लगे पुलिस प्रशासन ने बड़ी शक्ति व दिल खुश मिजाज से 2 पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों की चैकिंग की व हिदायत भी दी जिले में नव वर्ष को वेलकम करने में लगे जिले वासियों की सुरक्षा को लेकर स्वयं झाबुआ पुलिस कप्तान डॉ शिवदयाल सिंह गुर्जर स्वयं मौके पर पहुंचे ड्यूटी पर तैनात जिले के सभी थाना क्षेत्र, चौकी क्षेत्र में स्वयं पहुंचकर रात्रि में चैकिंग की वाहन चालकों की ब्रिथ एनालाइजर से चैकिंग भी कराई गई जिले वासियों को sp झाबुआ ने नववर्ष की बधाई शुभकामनाए देते हुए संदेश भी दियाजिला मुख्यालय पर झाबुआ कोतवाली थाना प्रभारी रमेश सिंह भास्करे ने अपनी थाना क्षेत्र के पुलिस बल के साथ चैकिंग अभियान रात भर चलाया 2 कार चालक को शराब के नशे में कार ड्राइव करने पर चालान काटें।

# दिव्यांग बच्चों के बीच सेवाकार्य के साथ मंजूर बेग ने अपना जन्मदिन मनाया साधु संत रहे मौजूद

**आदित्य शर्मा**

इंदौर। सेवा, स्वाभिमान और आत्मसम्मान के साथ जीने वाले मंजूर बेग सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष हैं। साल के आखिरी दिन उनका जन्मदिन आता है। जन्मदिन को वह हमेशा सार्थक सन्देश से मनाने की पहल करते हैं। आम तौर पर आधी रात को केक कटिंग के साथ जन्मदिन की पार्टी शुरू होती है। लेकिन मंजूर बेग ने अपने जन्मदिन की शुरुआत दोपहर में निराश्रित, दिव्यांग, मंदबुद्धि बच्चों की शरणस्थली नेत्रहीन आश्रम पर सेवा कार्य के साथ की। वे अपने दोस्तों-स्नेहीजनों के साथ बच्चों के लिए फल, मिठाई, कम्बल और उपहार लेकर पहुंचे। इस मौके पर आयोजित समारोह में प्रमुख रूप से शहर काजी डॉक्टर इशरत अली राष्ट्रीय संत अरूणानंद गुरुदेव महाराज, वर्धानंद गिरी महाराज वरिष्ठ पत्रकार शेखर जैन ने जन्मदिन को जरूरतमंद बच्चो के बीच मनाने की सराहना की। संस्था उपाध्यक्ष रियाज खान ने सभी का स्वागत किया। बच्चों के बीच जब केक काटा गया तो छात्रावास आश्रम की बालिकाओं ने बार-बार दिन यह आये गीत गाकर अपने अंदाज से जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद भोजन उनके पास पहुंच मंजूर बेग व मित्रों ने आश्रम के बच्चों को अपने हाथ से भोजन परोसा।

कार्यक्रम में एजाज कुरैशी, मुकेश बजाज, गोलू शेख, यूनुस खान, सोहेल पठान, समीर बेग, याकूब खान, पत्रकार इरशाद शाह जफर खान, बाबा माहिर शाह वारसी डॉक्टर इरशाद खान मंजूर खान फैजान बैग अकबर काजी, नवीन भीलवाड़ा, शकील खान रवीश पचोरिया संजय चौहान अनिल पाल जाकिर खान आदित्य बारिया फहीम खान आदि ने मंजूर बेग का स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। प्रारंभ में छात्रावास के मुकेश यादव सचिन राय फरदीन खान में ने स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम का संचालन पत्रकार जाकिर



खान ने किया। आभार मानते हुए मंजूर बेग ने कहा दिव्यांग बच्चों के बीच इंसानियत व मानवता का रिश्ता उन्हें यहां खींच लाया। मंजूर बेग राजनीतिक स्तर पर ही नहीं बल्कि सामाजिक स्तर पर भी रिश्तों को अपने अंदाज से जीते हैं और निभाते हैं। जन्मदिन के मौकों पर जो सुकून बड़ी महंगी पार्टियों में नहीं मिलता वह सुकून इन अभाव ग्रस्त बच्चों के बीच महसूस हुआ। आज गरीब बेसहारा यतीम के बीच जन्मदिन मना कर उन्हें कंबल साड़ी छात्रावास के बालिकाओं को स्वेटर सूट भेंट किया उनके साथ भोजन किया।

# आबकारी विभाग के द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में आबकारी वृत मनावर में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही कर एक प्रकरण दर्ज किया गया

दिलीप पाटीदार

धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार श्री राज नारायण सोनी के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री विवेक मिश्रा के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान अंतर्गत वृत्त मनावर के आबकारी उप निरीक्षक एकता सोनकर एवं स्टाफ द्वारा रात्रि गस्त में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पिपरीमान से बजटटा रोड पर मान नदी के किनारे पहुंच कर तलाशी लेने पर छुपा कर रखी गई 09 पेटी देसी विदेशी मदिरा बरामद हुई।



जिसमें 02 गत्ते की पेटी में 500 ml क्षमता की बडवाइजर बियर विदेशी मदिरा एवं 01 पेटी में 500 ml क्षमता की हंटर केन बियर, 01 पेटी में 500ml की किंगफिशर बियर केन, 01 पेटी रॉयल स्टैग व्हिस्की 180 ml क्षमता की, 01 पेटी ओल्ड मोंक रम 180 ml क्षमता की व 03 पेटी देसी प्लेन मदिरा 180 ml क्षमता की बरामद एवं जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34 (2) के तहत प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। कुल जप्त 92.48 बल्क लीटर मदिरा की अनुमानित कीमत लगभग 51090 / रुपए आंकी गई हे। इस कार्यवाही में व्रत मनावर के मुख्य आबकारी आरक्षक, श्री नारायण सिंह भावलकर एवं आरक्षक श्री बलबीर सिंह राठौड़ का विशेष सहयोग रहा।

## कुणाल का बयानः इन्फ्लुएंसर अपने कंटेंट के लिए खुद जिम्मेदार

सोशल मीडिया पर चल रही चर्चित कंट्रोवर्सी के बीच श्री परशुराम युवा सेना विधानसभा अध्यक्ष पं. कुणाल पंचोली का एक वीडियो कल दिन में सामने आया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में कुणाल ने इन्फ्लुएंसर वीर और धर्मेंद्र के बीच चल रहे विवाद पर संतुलित, शांत और जिम्मेदार बयान दिया। अपने वीडियो में




कुणाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह विवाद किसी भी समाज से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि यह दोनों इन्फ्लुएंसर द्वारा बनाए गए कंटेंट और उनकी वैचारिक सोच का विषय है। उन्होंने कहा कि एक वीडियो को लेकर देश और महिलाओं के सम्मान से जुड़ी बात सामने आई थी, लेकिन कुछ लोग इसे समाज से जोड़कर गलत प्रोपेगेंडा फैलाने का काम कर रहे हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। कुणाल पंचोली ने कहा, ब्राह्मण समाज का नाम इस विवाद में घसीटना गलत है। ब्राह्मण समाज कोई कमजोर समाज नहीं है, लेकिन समाज के नाम पर विवाद खड़ा करना और लोगों को भड़काना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैल रही धमकियों और आपत्तिजनक गतिविधियों पर भी चिंता जताई। कुणाल ने बताया कि कुछ वायरल वीडियो में इन्फ्लुएंसर वीर भाई को जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं। इसके साथ ही, इन्फ्लुएंसर पारुल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियाँ और AI के जरिए बनाए गए गलत वीडियो भी सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल को दर्शाते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय संत; श्री नागर के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा के समापन पर रिंगनोद में उमड़ा अपार जनसैलाब

दिलीप पाटीदार

रिंगनोद के अति प्राचीन श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में वर्ष 2025 कि बिदाई पर अंतिम दिनों में पंचदिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के समापन दिवस पर मंगलवार को हजारों की संख्या में भक्तों काअपार जनसैलाब उमड़ा। अंतर्राष्ट्रीय संत श्री बालकृष्ण जी नागर खेड़ा पिपलोदा जिला रतलाम के द्वारा नवंबर 2012 में विदेश में भी भागवत कथा का आयोजन कर चुके हैं। संत श्री नागर के वरदपुत्र हरियंश नागर बालसंत द्वारा भी अपने पिता के अनुरूप अनुसरण करते हुए भजन गाकर उपस्थित भक्त श्रोताओं को मंत्र मुक्त किया।

"रिंगनोद के श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर में अल्प समय में आयोजित ऐतिहासिक श्री शिव महापुराण का सफल आयोजन भगवान भोलेनाथ का कृपा प्रसाद हैं, हमें अच्छे संस्कारों को ग्रहण करना चाहिए, बुरे विचारों का त्याग करना चाहिए। जिस तरह भगवान भोलेनाथ ने संसार की भलाई के लिए विष को गले में धारण किया विष धरा पर गिरे तो सृष्टि का विनाश तथा पेट में निगल लें तो महादेव का विनाश किंतु भगवान ने विष को कंठ में धारण करके सभी का कल्याण किया,जिससे वे नीलकंठ कहलाए, उसी तरह हमें बुराइयां, चुगली, आदि का त्याग करना चाहिए।







गुरु के महिमा का वर्णन करते हुए गुरुदेव नागर ने बताया सचिव, वेद और गुरु कभी झूठ नहीं बोलते ।ये समाज के पालक है।आज के समय में चादर और फादर से बचना चाहिए। बच्चों को संस्कारवान बनाएं अपने साथ मंदिर ले जाए । उक्त प्रेरणादायी उद्गार श्री मनकामनेश्वर शिवभक्त मंडल एवं नगरवाशियो द्वाराआयोजीत श्री शिव महापुराण कथा प्रसंग में अंतिम दिवस मंगलवार को कहे। गुरु महिमा, भगवान के अर्धनारीश्वर स्वरूप का वर्णन, द्वादश ज्योतिर्लिंग का वर्णन कर गुरुदेव ने सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां दी जिससे कथा पांडाल में भक्तों ने नृत्य किया तथा जयकारे लगाए। कथा के प्रथम दिवस नगर के मुख्य मार्गो से विशाल कलश यात्रा के साथ ही प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ के गुणानुवादो का संत श्री नागर ने सहज एवं सरल तरीके से वर्णन किया। विभिन्न प्रसंगों में भक्तों द्वारा शिव विवाह, गणेश विवाह आदि प्रसंगो पर सज धज कर पात्रों ने नाट्य रूपांतरण किया ।

श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस महापुराण के पूजन एवं गुरुदेव के सम्मान के लिए विभिन्न समाजजनों एवं संगठनों ने लाभ लिया। इस अवसर पर सरदारपुर क्षेत्र के वर्तमान विधायक प्रताप ग्रेवाल, पूर्व विधायक वेलसिंह भुरिया, सर्व ब्राह्मण समाज रिंगनोद, पाटीदार समाज, हिंदू उत्सव समिति, प्रभात फेरी मंडल, ग्राम पंचायत, भारतीय जनता पार्टी राजगढ़ ग्रामीण मंडल, अभिभाषक संघ सरदारपुर आदि विभिन्न संगठनों एवं समाज के प्रमुखो द्वारा गुरुदेव का सम्मान किया गया। वनवासी गोमुख धाम के सदस्यों ने गुरुदेव को अपना पारंपरिक अस्त्र फाल्या एवं तीर कमान भेंट कर सम्मानित किया । हजारों भक्तों ने गुरुदेव के चरणों में नमन कर गुरुदेव का आशीर्वाद लिया एवं गुरुदेव के हाथों से बेलपत्र की प्रसादी ग्रहण की। महा आरती के पश्चात फरियाली खिचड़ी का वितरण भक्तों को किया गया। रतनपुरा, गुमानपुरा, टांडा ,बाग,कुक्षी, कापसी, राजगढ़ आदि क्षेत्रों से भक्तों ने पहुंचकर कथा श्रवण की।

# इंदौर के सुदामा नगर क्षेत्र में दिगंबर जैन समुदाय द्वारा उद्यान की जमीन पर अवैध भवन निर्माण का किया जा रहा है कार्य





**पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर शहर की सबसे बड़ी कॉलोनी कहलाने वाली सुदामा नगर सेक्टर A में एक ऐसा कारनामा सामने आया है जहां दिगंबर जैन समाज के लोगों द्वारा सरकारी उद्यान की जमीन पर कब्जा कर भवन निर्माण बड़ी तेज गति से किया जा रहा है रहवासियों के मुताबिक यह कॉलोनी में एक सरकारी बगीचा हुआ करता था जहां दिगंबर जैन समाज के लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया और वहां पर अवैध भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है जब इस बात की जानकारी मीडिया को लगी तो मीडिया सच्चाई जानने सुदामा नगर पहुंची जहां रहवासियों के साथ बातचीत करने पर बताया गया की यहाँ एक बगीचा था उसको हटा के ये निर्माण किया जा रहा है जब जैन मंदिर मे मौजूद परमानंद मोदी जी से चर्चा की तो उन्होंने बताया की शिक्षक कल्याण समिति द्वारा उन्हें ये आवंटन की गई है जिसका निर्माण जैन समाज के साधु संत के लिए किया जा रहा है। वही जब शिक्षक कल्याण समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर सिंह राठौड़ से जब मीडिया ने चर्चा की तो पूरा मामला फर्जी बताया गया राठौर ने यहां तक कहा कि संस्था ऐसा किसी प्रकार का आवंटन नहीं देती जिसमें ना तो पंजीयन क्रमांक है ना ही सदस्यता क्रमांक है और कौन सा भूखंड इनको दिया गया है उसका भी कोई नंबर अंकित नहीं है सूत्रों की माने तो यहां पर एक पुराना कुआं हुआ करता था जहां पर जैन संत आकर उसे कुएं के पानी से अपना भोजन बनाते थे लेकिन अब हालात यहां है कि यहाँ पर देखने को मिला है कि कुएं के ऊपर शौचालय का निर्माण कर दिया गया है अब देखना यहां है क्या नगर निगम विभाग,कलेक्टर विभाग दिगंबर जैन समाज के हो रहे अवैध निर्माण को लेकर कार्यवाही करेगी या नहीं।

# शासकीय भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण भू-माफियाओं के विरुद्ध प्रशासन की बड़ी कार्यवाही



**गोलू यादव**

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तहसील चंदेरी अंतर्गत ग्राम प्राणपुर में भू-माफियाओं एवं अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त एवं निर्णायक कार्यवाही की गई। भूमि सर्वे क्रमांक 94, रकबा 0.042 है, शासकीय कुंआ की शासकीय भूमि पर मोहम्मद तौफीक पुत्र सलीम खान जाति मुसलमान द्वारा लगभग 60 वर्ग फीट क्षेत्र में दुकान निर्माण कर अबैध रूप से अतिक्रमण किया गया था।उक्त अतिक्रमण के संबंध में प्रशासन द्वारा पूर्व में 19 दिसम्बर 2025 को विधिवत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समयावधि तक संबंधित व्यक्ति द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके पश्चात मंगलवार को प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए जेसीबी मशीन के माध्यम से मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया। यह संपूर्ण कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) श्री मनीष धनगर के निर्देशन एवं तहसीलदार श्री दिलीप दरोगा के नेतृत्व में संपन्न की गई। कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक अमले की मौजूदगी सुनिश्चित की गई। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शासकीय भूमि पर अप्रैध कब्जा करने वाले भू-माफियाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। जिले में संचालित माफिया विरोधी अभियान के अंतर्गत आगे भी इसी प्रकार की सख्त और निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें तथा यदि कही अवैध कब्जा हो तो उसकी सूचना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## दर्दनाक घटना

मंदसौर। शहर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर एक दर्दनाक घटना हो गई। गोल चौराहा क्षेत्र में दिलीप एजेंसी के संचालक व उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। बाद में आरोपित ने खुद को भी गोली मार ली। सूत्रों के अनुसार विवाद सोने-चांदी की खरीदी को लेकर बताया जा रहा है। अभी मृतक के स्वजन बाहर होने से ज्यादा जानकारी भी नहीं मिल पाई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को शहर भर में थर्टी फर्स्ट के कार्यक्रमों की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान गोल चौराहा क्षेत्र में सिंधु आराधना मंदिर वाली गली में रहने वाले दिलीप आटो एजेंसी के संचालक के घर गोली मारने की घटना हो गई।

यहां रात लगभग 8:30 बजे 60 वर्षीय दिलीप पुत्र ज्ञानमल छिंगावत जैन व उनकी पत्नी रेखा जैन की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके बाद हमलावर ने बाहर भागने की कोशिश की पर तब तक गोली की आवाज सुनकर लोग एकत्र होने लगे तो उसने अंदर जाकर खुद को भी गोली मार ली। हमलावर का नाम की पुष्टि करने में पुलिस अधिकारी लगे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसका नाम विकास सोनी निवासी निम्बाहेड़ा बताया जा रहा है। गोली चालन की सूचना मिलते ही बास ही सरदार पटेल चौराहे पर चेकिंग में लगे कोतवाली टीआई पुष्पेंद्रसिंह राठौर भी घटना स्थल पर पहुंच गए। बाद में एसपी विनोदकुमार मीना भी मौके पर पहुंचे। अभी तीनों के शव घर में ही है और पुलिस व फोरेंसिंक एक्सपर्ट जांच कर रहे हैं। एसपी विनोद कुमार मीना ने बताया कि तीनों की मौत हो गई है पर क्या विवाद हुआ और घटना क्यों हुई इसकी जांच के बाद ही पता चलेगा।

# जेन्युइन नशा मुक्ति केंद्र ने आरोपों को बताया निराधार, पीड़ित खुद आया मीडिया के सामने

**राजेश धाकड़**

**ठीक होने के बाद भी परिजन नहीं लेने आ रहे, फीस से बचने का आरोप**

इंदौर। सिद्धार्थ नगर, भंवरकुआ में संचालित जेन्युइन नशा मुक्ति केंद्र पर लगाए गए बंधक बनाने के आरोपों को केंद्र प्रबंधन ने सिरे से खारिज किया है। केंद्र के संचालक व समाजसेवी तथा शिवसेना पदाधिकारी परमजीत सिंह मैकेन ने बुधवार को मीडिया को आमंत्रित कर केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी और आरोप लगाने वाले परिवार के पीड़ित सदस्य से भी सीधी बातचीत करवाई। मैकेन ने बताया कि वे पिछले करीब तीन वर्षों से सिद्धार्थ नगर क्षेत्र में जेन्युइन नशा मुक्ति केंद्र का संचालन कर रहे हैं। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों व काउंसलरों की टीम के सहयोग से सैकड़ों लोगों को नशे की लत से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मरीज के पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद भी कई परिजन उसे घर ले जाने में रुचि नहीं दिखाते।

आठ माह से नहीं आए परिजन- केंद्र प्रबंधन के अनुसार हाल ही में नशे से मुक्त हो चुका एक युवक पिछले आठ माह से स्वास्थ्य लाभ की स्थिति में है, लेकिन उसके परिजन उसे लेने नहीं आए। उल्टा, परिजनों ने केंद्र पर युवक को बंधक बनाए रखने जैसे गंभीर और झूठे आरोप लगाए। मैकेन का कहना है कि वास्तविकता यह है कि मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है और स्वयं घर लौटना चाहता है।

,मीडिया के सामने आया पीड़ित- बुधवार को पीड़ित युवक ने मीडिया के समक्ष स्पष्ट कहा कि वह अपनी मर्जी से केंद्र में उपचाररत रहा, उसे किसी प्रकार से बंधक नहीं बनाया गया और अब वह स्वस्थ महसूस कर रहा है। उसने यह भी बताया कि वह घर जाना चाहता है, लेकिन उसके परिजन उसे लेने नहीं आ रहे हैं।

फीस से बचने की मंशा का आरोप- केंद्र संचालक ने आरोप लगाया कि संबंधित परिवार अब केंद्र की निर्धारित फीस का भुगतान नहीं करना चाहता, इसलिए निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं। मैकेन ने कहा कि केंद्र पूरी तरह नियमों के अनुसार संचालित है और किसी भी तरह की जांच या सत्यापन के लिए वे प्रशासन व मीडिया के समक्ष पूर्ण रूप से सहयोग को तैयार हैं। केंद्र प्रबंधन ने अपील की कि नशा मुक्ति जैसे संवेदनशील विषय पर बिना तथ्यों की जांच के आरोप न लगाए जाएं, ताकि समाज में सकारात्मक कार्य कर रहे संस्थानों की छवि धूमिल न हो।



# अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक समारोह शिक्षा, संस्कार और तकनीक का भव्य संगम बना

झाबुआ। अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह अत्यंत भव्यता, अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का उत्सव था, बल्कि विद्यालय के शैक्षणिक दृष्टिकोण, भविष्य की योजनाओं और मूल्य आधारित शिक्षा की स्पष्ट झलक भी प्रस्तुत करता नजर आया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संचालनकर्ताओं द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। इसके पश्चात पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के माध्यम से कार्यक्रम को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया, जिसने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

विशिष्ट एवं सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति इस अवसर पर विद्यालय को अनेक विशिष्ट अतिथियों का सान्निध्य प्राप्त हुआ -श्री सुल्तान सिंह जी शेखावत, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश संबल योजना बोर्ड (कैबिनेट मंत्री स्तर) कर्नल लक्ष्मण मुनि, भारतीय सेना डॉ. विक्रांत भूरिया, विधायक, झाबुआ श्री रजत जी चौहान, जिला कार्यवाह - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे। जैसे प्रतिष्ठित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से सराहना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, योग एवं थीम आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देशभक्ति, प्रकृति संरक्षण, माता-पिता का सम्मान, शिक्षा का महत्व एवं सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, मंच अनुशासन एवं प्रस्तुति कौशल विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दर्शाता रहा।

संस्थापक डॉ. लोकेश दवे ने रखी भविष्य की रूपरेखा विद्यालय के संस्थापक डॉ. लोकेश दवे ने अपने संबोधन में अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल की भविष्य की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आने वाले शैक्षणिक सत्र से विद्यालय में अत्याधुनिक रोबोटिक्स लैब की शुरुआत की जाएगी स्मार्ट पैनल (Smart Panels) का पहला इंट्रोडक्शन जनवरी माह से ही प्रारंभ किया जाएगा अगले सत्र मे विद्यार्थियों के लिए क्वालिटी एवं हेल्दी फूड सिस्टम लागू किया जाएगा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 3D प्रिंटर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से AI (Artificial Intelligence) आधारित लर्निंग को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा उन्होंने कहा कि अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल का लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को आने वाले समय की तकनीक और चुनौतियों के लिए तैयार करना है। डायरेक्टर डॉ. चारुलता दवे का फोकसः सुरक्षा और बेहतर लर्निंग विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. चारुलता दवे ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उनका सबसे बड़ा फोकस बच्चों की सुरक्षा (Safety) और बेहतर लर्निंग एक्सपीरियंस है। इसी उद्देश्य से अगले सत्र में— विद्यालय में ERP सिस्टम लागू किया जाएगा

यह सिस्टम GPS Enabled होगा जिससे अभिभावकों को यह जानकारी मिलेगी कि बच्चा कब स्कूल से निकला और कब सुरक्षित घर पहुँचा यह पूरी जानकारी एक मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल टाइम में उपलब्ध होगी उन्होंने कहा कि अभिभावकों का विश्वास बनाए रखना विद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानाचार्य का आभार विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रितेश लिमए ने अपने उद्बोधन में सभी अभिभावकों का विद्यालय पर निरंतर विश्वास और सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया तथा शिक्षकों और स्टाफ की मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन श्रीमती प्रीति शर्मा एवं श्रीमती जाह्नवी प्रजापत द्वारा किया गया। समारोह का औपचारिक आभार प्रदर्शन एसएमसी सदस्य डॉ. अरविंद दातला द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन से जुड़े प्रत्येक सदस्य का धन्यवाद किया। समापन अंकुरम इंटरनेशनल स्कूल का यह वार्षिक समारोह शिक्षा, संस्कार, संस्कृति और आधुनिक तकनीक के सुंदर समन्वय का सशक्त उदाहरण बना। समारोह ने यह स्पष्ट कर दिया कि विद्यालय न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की शिक्षा की दिशा में भी मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

# राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए शुभांशी अग्रवाल का चयन

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल- बास्केटबाल कोच श्री के.के. श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि 11 जनवरी से 15 जनवरी तक छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजनादगांव में आयोजित होने वाली 17वर्षीय राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए शहडोल की रहने वाली शुभांशी अग्रवाल का चयन मध्यप्रदेश की टीम में किया गया है। उन्होंने बताया कि चयनित खिलाड़ी शुभांशी अग्रवाल 4 जनवरी से 7 जनवरी तक गुना में आयोजित होने वाले फ्री नेशनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर माह में गुना में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहडोल संभाग की टीम ने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया था। इसी क्वार्टर फाइनल मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कुमारी शुभांशी अग्रवाल का चयन मध्य प्रदेश 17 वर्ष बालिका टीम में किया गया है।



# इंदौर के प्राचीन अन्नपूर्णा माता मंदिर परिसर में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है



**पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव**

अन्नपूर्णा माता मंदिर परिसर में दिनांक 26 दिसंबर से शिव महापुराण का आयोजन पंडित बृज किशोर शास्त्री राधे-राधे द्वारा शिव महापुराण श्रवण कराई जा रही है इसी कड़ी में कल भगवान शिव की बारात का विशेष प्रसंग इस महापुराण में देखने को मिला जहां भारी संख्या में माता बहने बुजुर्ग इस महापुराण का आनंद लेने के लिए मंदिर परिसर में उपस्थित हुए पंडित शास्त्री ने मीडिया शिव चर्चा करते हुए कहा कि आज के युग में जिस प्रकार से नवयुवा नशे के उसमें को रहा है मैं यही चाहता हूं कि भगवान की भक्ति करें सुबह-शाम मंदिर में जाए और अपना ध्यान भगवान के ऊपर रखें क्योंकि शिव ही एक ऐसा स्रोत है जो मनुष्य की हर समस्या का हाल करता है ऐसे ही आयोजन में कई जगह पर करता आया हूं और आगे भी इसी प्रकार का आयोजन करते रहूंगा।

## नववर्ष के अवसर पर आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं बारों की की गई जांच!

पत्रकार खुशबू श्रीवास्तव



कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कलेक्टर महोदय श्री शिवम् वर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार ,कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी के आदेशानुसार दिनांक 30.12.2025 को आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं बारों की सघन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान महाराजा ढाबा राऊ बायपास,दीपश्री ढाबा की जांच की गई । उक्त कार्यवाही में कुल 17 बल्क लीटर माल्ट व 21.6 बल्क लीटर स्पिरिट जब्त की गई जिसकी कीमत लगभग 32620 रुपए होना पाया गया है ।ढाबा संचालकों एवं शराब पीने वालो पर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क,36(a) ,36(b) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए ।आज की कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी ,श्री जहांगीर ख़ान ,श्री सी के साहू , आबकारी उपनिरीक्षक मीरा सिंह , जया मुजाल्दे की टीम द्वारा की गईं । अभियान का उद्देश्य नववर्ष के दौरान अवैध मदिरा की बिक्री, अनियंत्रित शोर एवं अनुशासनहीन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। यह जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## महिला सुरक्षा की दिशा में अशोकनगर पुलिस की संवेदनशील पहल, बुजुर्ग महिला को संरक्षण प्रदान कर 'अपना घर आश्रम शिवपुरी' भेजा गया''

गोलू यादव



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा लोक कल्याण, मानवीय संवेदनाओं के आलोक में आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अभिनव एवं सराहनीय पहल निरंतर जारी है। इसी क्रम में दिनांक 29.12.2025 की सायंकाल अशोकनगर क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग महिला के भटकते हुए पाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। बुजुर्ग महिला न तो अपना नाम पता बता पा रही थी और ना हि उसकी भाषा स्पष्ट रूप से समझ में आ रही थी, जिससे उसकी पहचान एवं परिजनों की जानकारी प्राप्त करना संभव नहीं हो सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी० रवि प्रताप सिंह चौहान द्वारा थाना स्तर पर महिला से लगातार संवाद कर उसका नाम, पता एवं परिजनों की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, किंतु महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण कोई भी जानकारी देने में असमर्थ रही। रात्रि हो जाने के कारण महिला की सुरक्षा एवं उचित देखभाल सुनिश्चित करने हेतु उसे वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित रूप से ठहराया गया, जहाँ महिला को आवश्यक देखभाल, भोजन एवं संरक्षण उपलब्ध कराया गया।

दिनांक 30.12.2025 को महिला की सुरक्षा, काउंसलिंग, उपचार एवं परिजनों की पतारसी के उद्देश्य से उसे "अपना घर आश्रम, शिवपुरी" भेजा गया, जहाँ विशेषज्ञों द्वारा महिला की काउंसलिंग की जाएगी एवं उसके परिजनों की तलाश के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे। उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी० रवि प्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक सत्येन्द्र कुशवाह, आरक्षक रानू रघुवंशी, आरक्षक रविन्द्र भारद्वाज, महिला आरक्षक शैली पाराशर तथा महिला आरक्षक रूपाली रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सार्थक प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। अशोकनगर पुलिस द्वारा की गई यह कार्यवाही न केवल कानून व्यवस्था के दायित्वों का निर्वहन है, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं महिला सुरक्षा के प्रति पुलिस की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी /कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया है।

# गौ संवर्धन समिति की बैठक आयोजित




गोलू यादव

कलेक्टर श्री आदित्य सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला गौ संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए कि जिले में गौ संरक्षण के लिए सभी आवश्यक सार्थक प्रयास किये जाएं।

जिससे गौवंश को सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक आश्रय प्राप्त हो सके। इस हेतु गौशाला संचालकों द्वारा गौशालाओं में सभी आवश्यक कदम उठायें जाए। शासन द्वारा गौशाला संचालन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। गौशाला संचालकों द्वारा गौशालाओं में निर्धारित संख्या अनुसार गौवंश को रखा जाए। साथ ही गौवंश के लिए चारा,भूसा,पानी,विद्युत,टीनशेड की पर्याप्त सुविधा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला संचालक गौ संवर्धन की दिशा में बेहतर कार्य कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला के अभाव में कोई भी आवारा मवेशी सड़कों पर विचरण न करें,इस हेतु आवश्यक कार्यवाही संबंधितों द्वारा की जाए। उन्होंने गोबर गैस प्लांट के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए समय समय पर गौशालाओं को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाए। साथ ही निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां मिले उन्हें,उनकी पूर्ति कराई जाए। दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों की दक्षता और क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर तक गतिविधियां संचालित की जाएं। उन्होंने गौशालाओं में विद्युत व्यवस्था हेतु पांच हार्स पावर के सोलर पंप लगवाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

## नगर के युवा भोपाल में मरीजों को कर रहे रक्तदान

रणजीत टाइम्स

**रक्तदान महादान को अपना मिशन बना चुके युवा लगातार मरीजों के लिए हर समय रक्तदान कर रहे हैं नगर के युवा अश्विन लोधी भोपाल में पढ़ाई कर रहे हैं जब इन्हें ब्लड हेल्प ग्रुप के माध्यम से सूचना मिली कि अशोकनगर निवासी मरीज बबीता बाई का भोपाल के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल में ऑपरेशन होना है और इनकी ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पा रही ऐसे में अश्विन सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे और मरीज के लिए पहली बार अपना ए पॉजिटिव रक्तदान किया जिसके बाद मरीज का सफल ऑपरेशन हो सकता इसके अलावा ग्रुप के केशव गर्ग ने अशोकनगर से भोपाल पहुंचकर जैनमश्री मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती मरीज किरण जैन के लिए रेयर ब्लड ग्रुप बी निगेटिव का रक्तदान किया।**

# भारत VS पाकिस्तान में फिर होने वाला है युद्ध?



## अमेरिकी थिंक टैंक का 2026 को लेकर बड़ा दावा

भारत और पाकिस्तान के बीच साल 2025 के मई महीने में संघर्ष हुआ था. हालांकि कुछ दिनों में सीजफायर हो गया था. ये संघर्ष भी पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद सामने आया था. अब दोनों देशों के को लेकर अमेरिका के एक बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस (CFR) ने बड़ा दावा किया है।

इसके मुताबिक साल 2026 में एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हो सकता है CFR की रिपोर्ट अमेरिकी विदेश नीति के एक्सपर्ट के सर्वे पर आधारित है. इसमें पूर्व राजनयिक, सैन्य अधिकारी, प्रोफेसर और नीति विशेषज्ञ शामिल होते हैं.हालांकि इस समय दोनों देशों के बीच फिलहाल सीजफायर जारी है.अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध होता है. तो इसका सीधा असर अमेरिका पर पड़ सकता है. हाल के दिनों में इनपुट सामने आया था कि जम्मू-कश्मीर में 30 से ज्यादा आतंकी छिपे हुए हैं रिपोर्ट में भारत-पाकिस्तान के अलावा दूसरे खतरे के बारे में भी बताया गया है. CFR के मुताबिक 2026 में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी सशस्त्र संघर्ष की संभावना है. हालांकि इसका असर अमेरिकी हितों पर कम होगा।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हुई थी झड़पें

अक्टूबर में अफगान तालिबान और आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तान की सीमा चौकियों पर बिना किसी उकसावे के हमले शुरू करने के बाद इस्लामाबाद और काबुल सीमा पर झड़पों में शामिल हुए. झड़पों में 200 से अधिक तालिबान और संबद्ध आतंकवादी मारे गए, जबकि 23 पाकिस्तानी सैनिक मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए।

### पहलगाम हमले के बाद शुरू हुआ था संघर्ष

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया था. इसके बाद ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा था.भारत ने आतंकियों से बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी. इसके बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष देखने को मिला. हालांकि कुछ ही समय बाद दोनों के बीच सीजफायर हो गया था।

# ईरान-वेनेजुएला हथियार सौदे पर भड़के ट्रंप

## कहा-ईरान ने गलती की तो भुगतेगा परिणाम,

### 10 कंपनियों और व्यक्तियों पर लगाया बैन

अमेरिका ने ईरान और वेनेजुएला के बीच कथित हथियार व्यापार को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए 10 कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि ईरान ने वेनेजुएला को पारंपरिक हथियार और ईरानी डिजाइन के लड़ाकू ड्रोन सप्लाई किए, जिससे अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ। अमेरिकी विदेश विभाग और वित्त विभाग ने अलग-अलग बयानों में कहा कि प्रतिबंधित वेनेजुएला स्थित एक कंपनी करोड़ों डॉलर के ईरानी ड्रोन सौदे में शामिल थी। इन ड्रोन का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उसने प्रतिबंधित सैन्य गतिविधियां फिर से शुरू कीं, तो उसे "पिछली बार से भी ज्यादा शक्तिशाली" परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने यह बयान फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को संकेत मिले हैं कि पहले किए गए अमेरिकी हमलों के बाद ईरान वैकल्पिक सैन्य ठिकानों की तलाश कर रहा है।

उन्होंने कहा, "पुराने ठिकाने पूरी तरह तबाह हो चुके हैं, लेकिन अगर वे नए ठिकानों की ओर बढ़ रहे हैं, तो यह बहुत बड़ी गलती होगी।" हालांकि, सख्त लहजे के साथ ट्रंप ने



कूटनीतिक संकेत भी दिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के साथ द्विपक्षीय बातचीत के लिए तैयार है। "मैं पहले भी बातचीत चाहता था, अब उन्हें समझ आ गया है कि क्या हो सकता है," ट्रंप ने कहा। ट्रंप ने साफ किया कि मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति के लिए ईरान के प्रभाव को सीमित करना जरूरी है। उनके मुताबिक, "अगर ईरान अपनी ताकत बढ़ाता रहा, तो मध्य-पूर्व में शांति संभव नहीं है।"

### भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

# जापान को छोड़ा पीछे

सरकार ने कहा है कि भारत 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है.साथ ही 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है. लगातार अच्छे ग्रोथ आंकड़ों के साथ, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था भी है. 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की रियल जीडीपी 8.2 प्रतिशत बढ़ी है. ये पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी 2025 में सुधारों की जानकारी देने वाली एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, 4.18 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है. ये अगले 2.5 से 3 सालों में जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने के लिए तैयार है. इसका अनुमानित जीडीपी 2030 तक 7.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होगा।

### अमेरिका की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे बड़ी

अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और चीन दूसरे स्थान पर है. विज्ञप्ति में कहा गया है कि ग्रोथ की गति ने और भी आश्चर्यचकित किया है. 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी छह-तिमाही के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो लगातार वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच भारत के लचीलेपन को दर्शाता है. मजबूत निजी खपत के नेतृत्व में घरेलू कारकों ने इस विस्तार को समर्थन देने में केंद्रीय भूमिका निभाई।


### वर्ल्ड बैंक ने क्या लगाया है अनुमान?

इंटरनेशनल एजेंसियों ने भी इस उम्मीद को दोहराया है और अलग-अलग संस्थाओं द्वारा किए




गए अनुमानों का हवाला दिया है. वर्ल्ड बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगाया है. मूडीज को उम्मीद है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की ग्रोथ के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली G20 अर्थव्यवस्था बना रहेगा. IMF ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है; OECD ने 2025 में 6.7 प्रतिशत और 2026 में 6.2 प्रतिशत ग्रोथ का अनुमान लगाया है इसके अलावा, S&P को मौजूदा वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत ग्रोथ की उम्मीद है. एशियन डेवलपमेंट बैंक ने 2025 के लिए अपना अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है और फिच ने मजबूत कंज्यूमर डिमांड के कारण FY26 के लिए अपना अनुमान बढ़ाकर 7.4 प्रतिशत कर दिया है।

# अमित शाह ने कोलकाता में RSS अधिकारियों के साथ बंगाल चुनाव पर की गहन चर्चा



बंगाल चुनाव को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरएसएस के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की. कोलकाता में वरिष्ठ आरएसएस अधिकारियों के साथ उन्होंने गहन चर्चा की. बैठक में अखिल भारतीय, क्षेत्रीय और प्रांत स्तर के संघ अधिकारी मौजूद रहे. मीटिंग के दौरान पश्चिम बंगाल के जमीनी हकीकत, चुनावी तैयारियों और बंगाल के क्षेत्रवार मुद्दों को लेकर गहन चर्चा और रणनीति बनाई गई. कोलकाता के होटल ताज ताल कुटीर में लगभग तीन घंटे से ज्यादा समय तक ये बैठक चली।

### 2026 में बीजेपी बनाएगी सरकार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के लोगों से राज्य में बीजेपी को सरकार बनाने का मौका देने की अपील की. उन्होंने कहा कि पार्टी "डर, भ्रष्टाचार और कुशासन" को सुशासन से बदल देगी. अमित शाह ने बंगाल के अपने तीन दिन के दौरे के दूसरे दिन कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विश्वास के साथ दावा किया कि बीजेपी 2026 में राज्य में सरकार बनाएगी. अमित शाह ने राज्य की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी और राज्य की सत्ताधारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर भी उनकी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए जमकर हमला बोला।

### घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकालेंगे

अमित शाह ने आरोप लगाया कि बंगाल में ममता बनर्जी सरकार बांग्लादेशियों की घुसपैठ को बढ़ावा दे रही थी, जिसने पिछले कुछ सालों में राज्य की आबादी को 'खतरनाक तरीके से बदल दिया है.' उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ घुसपैठियों की पहचान करेंगे, बल्कि उन्हें बाहर भी निकालेंगे. 15 अप्रैल, 2026 के बाद बंगाल में बीजेपी की नई सरकार बनेगी, क्योंकि लोगों ने मन बना लिया है. अमित शाह ने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनावों में हमने 38 प्रतिशत वोटों के साथ 77 सीटें जीती थीं. 2024 में हुए पिछले लोकसभा चुनावों में हमने 12 सीटें जीतीं और राज्य में हमारा वोट शेयर 39 प्रतिशत था. इसलिए, संसदीय और विधानसभा दोनों चुनावों में सीटें जीतने के मामले में यह निरंतरता और बढ़ता वोट शेयर दिखाता है कि हम अगले साल बंगाल में सरकार बनाएंगे।



# संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुंचे रायपुर

## विशाल हिंदू सम्मेलन में होंगे शामिल, धर्मांतरण पर बीते दिनों छत्तीसगढ़ में हुआ था बवाल

रायपुरः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 2 अहम कार्यक्रमों में शामिल होंगे. छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण, आदिवासी समाज और ईसाई समुदाय के बीच बढ़ते तनाव के बीच संघ प्रमुख का यह दौरा राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### रायपुर पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

सरसंघचालक मोहन भागवत आज रायपुर एम्स परिसर में आयोजित युवा सम्मेलन कार्यक्रम में सबसे पहले शामिल होंगे. इस दौरान वे छात्र-छात्राओं और युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों पर अपने विचार रखेंगे अभनपुर में विशाल हिंदू सम्मेलन में शामिल होंगे संघ प्रमुख एम्स के कार्यक्रम के बाद दोपहर 3 बजे मोहन भागवत रायपुर के अभनपुर में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन को संबोधित करेंगे. इस सम्मेलन में रायपुर, बिलासपुर और धमतरी संभाग से करीब 25 हजार स्वयंसेवक और विभिन्न हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता शामिल होंगे धर्मांतरण और हिंसा के मुद्दे रख सकते हैं अपने विचार छत्तीसगढ़ में लगातार सामने आ रहे धर्मांतरण के मामले और आदिवासी और ईसाई समुदाय के बीच हो रही हिंसक घटनाओं के मद्देनज़र संघ प्रमुख का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है. माना जा रहा है कि हिंदू सम्मेलन के मंच से मोहन भागवत इन मुद्दों पर स्पष्ट संदेश दे सकते हैं, जिसका राजनीतिक असर भी देखने को छत्तीसगढ़ और देश में मिल सकता है. आरएसएस प्रमुख कल रात पहुंचे रायपुर आज होने वाले दोनों आयोजनों में शामिल होने के लिए सरसंघचालक मोहन भागवत कल रात ही रायपुर पहुंचे हैं. उनके दौरे को लेकर संघ से जुड़े संगठनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. संघ प्रमुख के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं जिन दो जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. उस इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से चाक चौबंद इंतजाम किए हैं।

### संघ प्रमुख के दौरे पर नजर

संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत के दौरे के दौरान कई गण मान्य लोग और नेता भी संघ प्रमुख से मुलाकात कर सकते हैं. हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. लेकिन संभावना है कि कई लोगों से संघ प्रमुख मुलाकात भी कर सकते हैं।

# पूर्व DG NIA सदानंद दाते महाराष्ट्र के DGP बनाए गए, 3 जनवरी को लेंगे चार्ज

सीनियर IPS अधिकारी सदानंद वसंत दाते को महाराष्ट्र का पुलिस महानिदेशक बनाया गया है. वे सोमवार तीन जनवरी को पद संभालेंगे. महाराष्ट्र में होने वाले नगर निगम चुनावों के दौरान उनकी अहम जिम्मेदारी होगी ईटीवी भारत से बात करते हुए, पूर्व NIA महानिदेशक सदानंद दाते ने कहा कि वे 3 जनवरी को चार्ज संभालेंगे. सदानंद दाते का मूल कैडर महाराष्ट्र है केंद्र सरकार ने 22 दिसंबर को उनका महाराष्ट्र ट्रांसफर कर दिया था।

सदानंद दाते 1990 बैच के महाराष्ट्र कैडर के IPS ऑफिसर हैं. 2015 में उन्हें CRPF का डायरेक्टर जनरल बनाया गया था. 26/11 मुंबई हमलों के दौरान IPS सदानंद दाते ने हिम्मत दिखाई और कई लोगों की जान बचाई. उन्होंने कामा और अल्बलेस हॉस्पिटल से महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित निकालने में अहम भूमिका निभाई टेररिस्ट हमले के बाद दिखाई गई बहादुरी के लिए उन्हें प्रेसिडेंट पुलिस मेडल से सम्मानित किया गया. उन्होंने CRPF के स्पेशल IG के तौर पर काम किया. इसके बाद, उन्होंने 5 साल तक CRPF में DG के तौर पर डेपुटेशन पर रहते हुए अहम भूमिका निभाई. इसके बाद, उन्हें NIA के डायरेक्टर जनरल की जिम्मेदारी दी गई। रश्मि शुक्ला को राज्य सरकार ने दो बार पुलिस डायरेक्टर जनरल बनाया था. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान विरोधी पार्टी ने उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की थी।

चुनाव आयोग के आदेश के बाद, रश्मि शुक्ला का ट्रांसफर कर दिया गया. राज्य चुनाव खत्म होने के बाद, सरकार ने फिर से रश्मि शुक्ला को पुलिस डायरेक्टर जनरल के पद पर नियुक्त किया 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले, शुक्ला पर आरोप लगा था कि जब वह स्टेट इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट की हेड थीं, तब उन्होंने उस समय के विपक्षी नेताओं के फोन टैप किए थे महा विकास अघाड़ी सरकार के समय में, उनके खिलाफ मुंबई में कोलाबा और पुणे में दो केस दर्ज किए गए थे। जैसे ही राज्य में सरकार बदली, पुलिस ने C-समरी रिपोर्ट फाइल की और मुंबई हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ दोनों FIR रद्द कर दी।